विश्वविद्यालय में महिला सशक्तिकरण हेतु हेल्प डेस्क की स्थापना

दिनांक 17 अप्रैल 2026 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) की माता अनुसुइया इकाई द्वारा विश्वविद्यालय परिसर स्थित श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में महिलाओं की सहायता एवं उन्हें नारी सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य अस्पताल में आने वाली महिलाओं को आवश्यक मार्गदर्शन, सहयोग एवं सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्रदान करना है, ताकि वे किसी भी प्रकार की असुविधा या समस्या की स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त कर सकें। साथ ही, हेल्प डेस्क के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है।